आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरू, आज सर्वदलीय बैठक में सत्र को सुचारू ढंग से चलाने पर हुई चर्चा।
- मुख्यमंत्री के जापान दौरे का आज तीसरा दिन, कोबे शहर में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात।
- पन्ना की जेके फैक्टरी में हुआ हादसा, चार लोगों की मौत, 16 घायलों का ईलाज जारी।
- प्रयागराज महाकुंभ में कल हुई घटना के बाद आज सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद, 4 फरवरी तक मेला क्षेत्रों में वाहन प्रतिबंधित।

## बजट सर्वदलीय बैठक

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन कल संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि शनिवार को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। उन्होनें बताया कि सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होने के साथ ही बजट पर भी चर्चा होगी, जो 13 फरवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संसद में पहले से ही 16 विधेयक और 19 कार्य सूचीबद्ध हैं।

## मुख्यमंत्री जापान तीसरा दिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी से अपेक्षाएँ जताईं कि वह राज्य में अपनी स्किल डेवलपमेंट पहल को बढ़ावा दे, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री अपनी जापान यात्रा के तीसरे दिन पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ कोबे में महत्वपूर्ण बैठक की। मुख्यमंत्री ने सिस्मैक्स कारपोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का दौरा भी किया उन्होंने मेडिकल टेक्नोलॉजी और जीवन विज्ञान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री कंपनी को प्रदेश में मेडिकल डायग्नोस्टिक उपकरणों की विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव देकर आमंत्रित किया।

## गांधी दिवस- सर्वधर्म प्रार्थना

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में गांधी समाधि, राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर आज जापान के कोबे में इंडिया क्लब में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

वैष्णव - एआई

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना मूलभूत एआई मॉडल तैयार करेगा। श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में आज मीडिया को बताया कि यह मॉडल विश्व के श्रेष्ठ मॉडल की बराबरी वाला होगा। उन्होंने कहा कि इसके विकसित करने संबंधी प्रस्तावों की एक रूपरेखा तैयार की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में अब स्वदेशी ए आई मिशन को समर्थन देने के लिए 15 हजार हाई-एंड जीपीयू उपलब्ध हैं। डीपसीक की प्राईवेसी से संबंधित चिंताओं को लेकर श्री वैष्णव ने बताया कि इससे संबंधित जानकारी भारतीय सर्वर पर बहुत जल्द उपलब्ध होगी।

गेंहू उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि गेंहूं उपार्जन के लिए किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। अभी तक किसानों द्वारा गेहूँ के समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिये ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। अभी तक 28 हजार 677 किसानों ने पंजीयन कराया है। सबसे अधिक पंजीयन जिला सीहोर में 6122 किया गया है।

पन्ना-हादसा

पन्ना जिले के पूरेना स्थित जेके सेम फैक्ट्री मे उस बक्त बड़ा हादसा हो गया जब एक निर्माणधीन बिल्डिंग का स्लेब □हने से घटना मे चार लोगो की मौत हो गयी ओर 16 लोग घायल हो गये। रेसक्यू पूरा हो गया हे.इस सम्बन्ध मे पन्ना पुलिस

अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने जानकरी देते हुए बताया की घटना मे तीन लोगों की मौत पहले हो गयी थी ओर एक मजदूर की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे हो गयी. सभी घायलों का कटनी जिला अस्पताल मे भारी भकराया गया हे। मृतकों के परिजनों को राहत मुआब्जा राशि दी जाएगी।

## केन्द्रीय बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ,d Qjojh dks वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करने tk रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार बजट में सरकार देश में सुदृढ़ □ांचा बनाने पर बल देते हुए विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। इस बजट से युवाओं को भी काफी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि स्किल इंडिया आज के लिए आवश्यक है। भोपाल की एक छात्रा ने कहा कि–

## मांडविया श्रम बैठक

राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और सचिवों की राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय बैठक आज नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रम और रोजगार मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने की। डॉ0 मांडविया ने कहा कि उनका मंत्रालय संगठित और असंगठित कार्मिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आवास और निर्माण कार्यों में लगे कर्मियों के साथ साथ गिग और प्लेटफॉर्म कर्मियों का कल्याण सरकार की उच्च प्राथमिकता है।

बैठक में पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, जीवन और दुर्घटना बीमा के साथ साथ अन्य मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान दस विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## महाकुंभ - रक्षा प्रबंध

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज संगम घाट पर घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां कल 30 लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान इन अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात प्रबंध और भीड को नियंत्रित करने के लिए लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य

सचिव अनुराग जैन और रीवा संभाग के आयुक्त को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित और प्रभावी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षा पर चर्चा

शहडोल जिले में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के लिए अब तक 53 हजार से अधिक छात्र—छात्राओं व शिक्षकों ने अपना पंजीयन कराया है। फरवरी महीने के पहले सप्ताह में इस कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था बनाई जा रही हैं। जिले के 976 से अधिक शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इसके लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की जा रही है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला - 2025 नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहली फरवरी शुरू होगा। इस वर्ष मेले का विषय 'हम भारत के लोग' है। नौ दिवसीय मेले का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस वर्ष मेले का मुख्य देश रूस है और इसमें फ्रांस, अर्जेंटीना, स्पेन, कोलंबिया, संयुक्त अरब अमीरात और कतर सहित 50 से अधिक देश भाग लेंगे।

संक्षेप

- खंडवा में लेखक और पत्रकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज "स्मरण कार्यक्रम" का आयोजन रखा गया। जिसमें साहित्यकार गोविंद शर्मा सहित कई पत्रकार साहित्यकार उपस्थित थे।
- शिवपुरी में नवीन परिसीमन के अंतर्गत जिला, अनुभाग, तहसील, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों की सीमाओं में होने वाले परिवर्तन के संबंध में सुझाव के लिए आज जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।
- नीमच जिला मुख्यालय के समीपस्थ आयुष ग्राम ग्राम दलावदा में आज आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।
- झाबुआ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि “स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान” के रूप में मनाई गई । इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया।

- वही श्योपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नागरिकों द्वारा गांधी पार्क से प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बापू के प्रिय भजनो का गायन किया गया।
- शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु गुना पुलिस लाइन परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

...............................................